उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपकम)
U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ।

संख्याः 1895–पारे0अनु0–16 / पाट्राकालि / 2018–37 / 13 दिनांकः 25 मई, 2018

कार्यालय ज्ञाप

उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 के अन्तर्गत विद्युत पारेषण मण्डल, गोरखपुर के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन उपकेन्द्रों के सुचारू परिचालन एवं अनुरक्षण तथा नवीन उपकेन्द्रों का अनुश्रवण किये जाने हेतु, विद्युत पारेषण मण्डल, गोरखपुर का पुनर्गठन करते हुए, एतद्द्वारा <u>विद्युत पारेषण मण्डल, बस्ती</u> के सृजन की स्वीकृति निम्नांकित शर्तों के अधीन प्रदान की जाती है :–

1. इस मण्डल का मुख्यालय बस्ती (उ0प्र0) में होगा।
2. इस मण्डल के अन्तर्गत निम्नलिखित खण्ड कार्यरत होंगे :–
   (क) विद्युत पारेषण खण्ड–प्रथम, बस्ती।
   (ख) विद्युत पारेषण खण्ड–द्वितीय, बस्ती।
3. विद्युत पारेषण मण्डल, बस्ती हेतु आवश्यक अधीक्षण अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ता (सम्बद्ध) का एक–एक पद कारपोरेशन के कार्यालय ज्ञाप सं0–2137–पारे0अनु0–16 / पाट्राकालि / 2016, दिनांकः 27.09.2016 द्वारा नवस्वीकृत पदों से आबंटित किया जायेगा।
4. उक्त आदेशों के व्यावहारिक / भौतिक क्रियान्वयन हेतु अपेक्षित व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में समस्त औपचारिकताओं को यथाविधि पूरा किये जाने एवं इस सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने का सम्पूर्ण दायित्व मुख्य अभियन्ता, पारेषण (उत्तर–पूर्व), गोरखपुर का होगा।
5. नवसृजित विद्युत पारेषण मण्डल, बस्ती हेतु उपरोक्त निर्दिष्ट पदों के अतिरिक्त अन्य आवश्यक पदों को निदेशक (का0प्रब0 एवं प्रशा0), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, लखनऊ द्वारा परिविस्तारण से मुख्य अभियन्ता, पारेषण (उत्तर–पूर्व), गोरखपुर द्वारा दिये गये प्रस्ताव के उपरान्त किया जायेगा।
6. नवसृजित विद्युत पारेषण मण्डल, बस्ती के अधीक्षण अभियन्ता / अधिशासी अभियन्ता को कारपोरेशन के वर्तमान संगत नियमानुसार वाहन, दूरभाष आदि अनुमन्य होंगे।
7. इन आदेशों के परिणामस्वरूप होने वाला सम्भावित व्यय–भार उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 के सम्बन्धित वित्तीय वर्ष के आय–व्यय में आँगणित होगा।

उपरोक्तानुसार, विद्युत पारेषण मण्डल, बस्ती का सृजन किये जाने के उपरान्त, अब विद्युत पारेषण मण्डल, गोरखपुर के नियंत्रणाधीन निम्नलिखित खण्ड कार्यरत होंगे :–

(क) विद्युत पारेषण खण्ड–प्रथम, गोरखपुर।
(ख) विद्युत पारेषण खण्ड–द्वितीय, गोरखपुर।
(ग) विद्युत पारेषण खण्ड, देवरिया।
(घ) विद्युत 400 के0वी0 उपकेन्द्र खण्ड, गोरखपुर।

<u>निदेशक (का0प्रब0 एवं प्रशा0)</u>

<u>सं0– 1895 (I) पारे0अनु0–16 / पाट्राकालि / 2018, तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अध्यक्ष, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 / उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 / उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
3. निदेशक (का0प्रब0 एवं प्रशा), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 / उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
4. समस्त निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन / विस्तार लखनऊ के निजी सचिव।
5. समस्त मुख्य अभियन्ता, पारेषण / जानपद पारेषण क्षेत्र।
6. मुख्य महाप्रबन्धक (वित्त), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. उप महाप्रबन्धक (वित्त एवं भुगतान इकाई), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
8. लेखाधिकारी (वेतन एवं लेखा), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
9. वेबसाइट।

(ए0के0 श्रीवास्तव)
उपसचिव (पारेषण)